◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

JHARKHAND | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 16 नवम्बर 2026

धर्म

फुलझिंझरी में छठ पूजा की संध्या अर्घ्य के लिए घाट को किया भव्य सजावट



पाकुड़िया प्रखंड के फुलझिंझरी गांव में आज शाम छठ पूजा के संध्या अर्घ्य को लेकर घाट को भव्य रूप से सजाया गया।

रंग-बिरंगी झालर लाइटों, पीले पर्दों, फूल-मालाओं और गेंदे के फूलों से पूरा घाट दुल्हन की तरह सजा दिया गया, जिससे शाम होते ही रोशनी की जगमगाहट देखने लायक हो गई। घाट के किनारे व्रतियों के लिये बैठने की व्यवस्था भी की गई।

डूबते सूर्य को अर्घ्य देने हेतु बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु घाट पर पहुंचेंगे। गांव के युवाओं और छठ पूजा समिति ने मिलकर घाट की साफ-सफाई, सजावट और रोशनी की व्यवस्था की।

गांव में छठ महापर्व को लेकर उत्साह का माहौल है; घर-घर में ठेकुआ, कसार और प्रसाद बनाने की तैयारी चल रही है, जबकि महिलाएँ पारम्परिक गीत गाते हुए पूजा की तैयारी में जुटी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि फुलझिंझरी का छठ घाट हर साल इसी तरह भव्यता से सजाया जाता है और यहाँ आस्था व भाईचारे का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

— Jai Prakash Bhagat

पाकुड़ में आदिवासी गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का संयुक्त उत्सव

पाकुड़ में आज आदिवासी गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बीचामहल मंडल और लिट्टीपाड़ा मंडल ने मिलकर भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का समारोह आयोजित किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनीता मुर्मू ने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि

— Jai Prakash Bhagat

हजारीबाग के कुठान में HAM (से.) के प्रदेश सचिव अंकित कुमार पाण्डेय (रुद्र) ने की छठ पूजा: संगठन की मजबूती और लोक कल्याण के लिए छठी मइया से की विशेष प्रार्थना

हजारीबाग के कुठान में HAM (से.) के प्रदेश सचिव अंकित कुमार पाण्डेय (रुद्र) ने की छठ पूजा: संगठन की मजबूती और लोक कल्याण के लिए छठी मइया से की विशेष प्रार्थना * केरेडारी के कुठान में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व; प्रदेश सचिव ने उगते-डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी आशीर

— Akash Bharti

लोक आस्था और सेवा का अनूठा संगम: जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी की ओर से छठ व्रतियों के बीच नारियल का वितरण, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना



लोक आस्था और सेवा का अनूठा संगम: जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी की ओर से छठ व्रतियों के बीच नारियल का वितरण, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

* प्रेस क्लब के नवनियुक्त सदस्यों ने जनसेवा की मिसाल पेश की; छठ व्रतियों को प्रसाद स्वरूप नारियल भेंट कर लिया आशीर्वाद।

* अध्यक्ष लोकेश्वर कुमार और कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार साहू ने कहा—निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ-साथ समाज सेवा और जनहित के कार्यों में हमेशा आगे रहेगा जेन-जी प्रेस क्लब।

केरेडारी (हजारीबाग)

प्रकृति, अटूट आस्था और सूर्य उपासना के महान लोक पर्व 'छठ पूजा' के पावन अवसर पर जेन-जी प्रेस क्लब, केरेडारी की ओर से मानवता और सेवा का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया गया है। पर्व के इस पवित्र माहौल में क्लब के सदस्यों ने आगे आकर क्षेत्र के विभिन्न छठ व्रतियों के बीच प्रसाद स्वरूप नारियल का वितरण किया। इस सेवा कार्य में क्लब के संस्थापक, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित तमाम सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई।

छठी मइया से की क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना

नारियल वितरण के दौरान क्लब के सभी सदस्यों ने व्रतियों से आशीर्वाद लिया और पूरे केरेडारी प्रखंड एवं ग्रामवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए छठी मइया से प्रार्थना की। इस दौरान पूरा क्षेत्र छठी मइया के गीतों और जयकारों से गूंज उठा।

"जनसेवा और निष्पक्ष पत्रकारिता ही हमारा मुख्य उद्देश्य"

इस अवसर पर जेन-जी प्रेस क्लब के अध्यक्ष लोकेश्वर कुमार साव और कोषाध्यक्ष निरंजन कुमार साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि समाज के बीच रहकर जनसेवा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जब कभी और जहां भी सामाजिक कार्यों या जरूरतमंदों की सहायता की आवश्यकता होगी, जेन-जी प्रेस क्लब के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और सेवा-भाव के साथ तत्पर मिलेंगे।

क्लब के पदाधिकारियों ने दोहराया कि जेन-जी प्रेस क्लब केरेडारी हमेशा सत्य और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करने तथा आम जनता की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के अंत में क्लब के सभी सदस्यों ने केरेडारी प्रखंड और समस्त झारखंडवासियों को लोक आस्था के इस महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में आपसी भाईचारा, शांति और खुशहाली बनाए रखने की कामना की।

संवाददाता :- आकाश भारती, Need24 News

— Akash Bharti

देश

जोरदाग मुंडाटोली में बिरसा मुंडा जयंती के नाम से खिलवाड़, क्या बिरसा भगवान ने कहा था छठ महापर्व पर मांस-दारू पीने के लिए ग्रामीण



नीड 24 न्यूज हजारीबाग

केरेडारी जोरदाग

रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

जोरदाग मुंडाटोली में बिरसा मुंडा जयंती के नाम से खिलवाड़, क्या बिरसा भगवान ने कहा था छठ महापर्व पर मांस-दारू पीने के लिए

ग्रामीणों के मना करने के बावजूद नहीं माने आयोजक, मुंडाटोली जोरदाग के आयोजक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सक्रिय सदस्य पर उठे सवाल

छठ महापर्व के बीच दारू-सिगरेट का सेवन, जोरदाग के लिए शर्मनाक - सांस्कृतिक कार्यक्रम की आड़ में पवित्रता भंग

जोरदाग

एक तरफ जहां पूरे जोरदाग में छठ महापर्व की पवित्रता और आस्था का माहौल है, वहीं दूसरी तरफ बिरसा मुंडा जयंती के नाम पर हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुछ लोगों द्वारा मांस-दारू और सिगरेट का सेवन किया जाना क्षेत्र के लिए शर्मनाक बन गया है। इससे जोरदाग का नाम बर्बाद और शर्मसार हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम होना बहुत अच्छी बात है, बिरसा जयंती मनाया जाना चाहिए, लेकिन जहां छठ का महापर्व चल रहा है, वहीं बगल में इस तरह नशा करना छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की आस्था को कलंकित करने जैसा है छठ पूजा में जो ऐसा कार्य किए उनको कब सजा मिलता है अब देखना है जोरदाग़ के लोग

वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि रात में कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ लगी है, लाइट-सजावट और स्टेज बना है, लेकिन उसी भीड़ में कुछ लोग खुलेआम नशा करते, दारू पीते और मांस-मुर्गा खाते नजर आ रहे हैं। इससे जोरदाग का नाम कलंकित हुआ है और छठ पर्व की पवित्रता धूमिल हुई है

ग्रामीणों का कहना है कि सभी को पता था कि आज छठ पूजा है, फिर भी इसके बावजूद इस तरह का कार्य किया गया, जो जोरदाग के लिए बहुत ही नुकसानदेह है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर बिरसा मुंडा जयंती के आयोजकों पर किसका हाथ है और किसका सरेह जो छठ पर्व के दिन भी खुलेआम दारू का सेवन करवाया जा रहा था। क्या बिरसा भगवान ने यही कहा था कि छठ पूजा के दिन दारू-मुर्गा, मांस-मछली खाओ

ग्रामीणों ने समझाया, किंतु आयोजकों ने एक नहीं मानी और छठ पूजा जैसे आस्था पर्व को कलंकित कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आयोजकों पर कार्रवाई की जाए, ताकि छठ महापर्व की पवित्रता बनी रहे और जोरदाग की छवि खराब न हो

जय छठी मैया

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

स्थानीय

झारखंड के हजारीबाग में राज्य स्थापना दिवस पर "रन फॉर क्लीनलिनेस" कार्यक्रम का आयोजन



झारखंड के हजारीबाग जिले ने राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती के अवसर पर "रन फॉर क्लीनलिनेस" कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया और इसमें नागरिकों, स्थानीय अधिकारियों तथा स्वच्छता कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने एक निर्धारित दूरी पर दौड़ लगाई और साथ ही साथ मार्ग के साथ कचरा इकट्ठा कर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया।

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल राज्य की स्थापना की याद में एकजुटता दिखाना है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी बढ़ाना भी है।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

हजारीबाग में छठ महापर्व के लिए पुलिस ने संयुक्त ब्रीफिंग, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर विशेष निर्देश



हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार ने छठ महापर्व से पहले एक संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया।

इस ब्रीफिंग में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) तथा थाना प्रभारी सदर, लोहसिंघना और बड़ा बाजार ने भाग लिया।

यातायात पुलिस, पीसीआर और बाइक दस्ता के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी बुलाया गया, जहाँ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुगम यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारीयों ने विशेष रूप से भीड़ नियंत्रण, ट्रैफ़िक प्रवाह और आपातकालीन सहायता के प्रबंधन पर बल दिया, तथा सभी इकाइयों से सहयोग की अपेक्षा की।

इस कदम से स्थानीय प्रशासन को आशा है कि छठ महापर्व के दौरान कोई सुरक्षा या ट्रैफ़िक संबंधी समस्या नहीं होगी।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

भाजपा बन्नोग्राम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर माल्यार्पण



भाजपा बन्नोग्राम के तेगूडिया स्कूल मैदान में 15 नवम्बर 2026 को पूर्वाह्न 09:00 बजे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर माल्यार्पण किया जाएगा।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर आदिवासी नेता और जननायक हैं। उनके योगदान को याद करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में सभी ससमय सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजीव भगत द्वारा किया जा रहा है।

— Jai Prakash Bhagat

धर्म

डालटनगंज में निराला संघ के निर्मित पुल पर छठ पूजा के खरना दिवस पर हजारों श्रद्धालु सफलतापूर्वक पार किए



डालटनगंज, कोयन नदी में निराला संघ द्वारा निर्मित नया पुल खरना के अवसर पर उपयोग में लाया गया। इस दिन छठ पूजा के भक्तों ने इस पुल से नदी के मध्य भाग तक पहुँच कर अपनी व्रत रचना पूरी की।

पहला दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस पुल को पार कर सफलतापूर्वक अपने घर और पूजा स्थल पहुँचे, और कोई भी असुविधा या दुर्घटना नहीं हुई।

कल के कार्यक्रम में और भी बड़ी भीड़ की उम्मीद है, और निराला संघ ने सुरक्षा व व्यवस्था के लिए अतिरिक्त तैयारियों का आश्वासन दिया है।

की और जय छठी मईया का नारा लगाया।

— Shamsher Ansari

स्थानीय

धावाडंगाल में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का भव्य समारोह



धावाडंगाल, पाकुड़िया में भाजपा पाकुड़िया मंडल द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती का समारोह आज आयोजित हुआ। मंडल अध्यक्ष अजय भंडारी ने समारोह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मंडल प्रभारी रामचन्द्र साह, मंडल प्रवासी जयसेन बेसरा, धावाडंगाल बूथ अध्यक्ष सोलेन मरांडी, गाँव प्रधान सोना मुनी वास्की, रमन मरांडी, जोगेश किस्मत, अनिल मुर्मू आदि उपस्थित रहे।

उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के आदर्शों को याद करते हुए उनके योगदान को सम्मानित किया और स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

— Jai Prakash Bhagat

Dhum dham sa banaya gaya puja

1 arag maa ko par gaya by Akshat family

— Aman Thakur, जमशेदपुर

धर्म

रामगढ़ के कौवाबेरा घाट में छठ पूजा का धूमधाम से आयोजन



रामगढ़ के कौवाबेरा घाट में छठ पूजा का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया।

स्थानीय भक्तों ने सुबह से ही घाट पर इकट्ठा होकर पूजा की तैयारियों में भाग लिया और सभी ने मिलकर सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित किया।

पूजा में पारम्परिक गीत, भजन और आरती का विशेष आयोजन किया गया, जिससे माहौल पवित्र और उत्सवपूर्ण बना रहा।

इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता की पूरी व्यवस्था की, जिससे भक्तों को सहज अनुभव हुआ।

— Krishna Prajapati

Chhath puja phala arag



लोक आस्था के महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है, डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देने के लिए घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

— Aman Thakur, जमशेदपुर

झारखण्ड के 26वें स्थापना दिवस पर 'रन फॉर क्लीनलिनेस' कार्यक्रम से स्वच्छता का संदेश



झारखण्ड के हजारीबाग जिले में 15 नवम्बर रविवार को राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती के गौरवपूर्ण अवसर पर 'रन फॉर क्लीनलिनेस' थीम पर विशेष यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और आमजनों को स्वच्छ एवं सुन्दर झारखण्ड के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:00 बजे नए समाहरणालय भवन परिसर से हुई, जहाँ हजारीबाग जिले की डीडीसी रिया सिंह, नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता, और अपर समाहर्ता महेन्द्र छोटन उरांव ने हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए प्रतिभागियों ने छठ पर्व के पावन दिन पर झील में व्यापक सफाई अभियान चलाया और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया।

इस दौरान डीडीसी रिया सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती और छठ पर्व इन तीन महत्वपूर्ण अवसरों पर आयोजित किया गया है, और स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए इस थीम को चुना गया है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, विद्यार्थी और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया, और हजारीबाग जिला प्रशासन ने बैलून उड़ाकर स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ झारखण्ड के निर्माण का संकल्प लिया।

— Rohit Kumar Yadav, हजारीबाग

स्थानीय

झारखंड स्थापना दिवस पर साहिबगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



आज 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर, ब्लड सेंटर, सदर अस्पताल साहिबगंज के सौजन्य से श्रीकुंड बाजार, भोजन स्थल (जायका रेस्टोरेंट के बगल में) स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि माननीय विधायक, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की श्रीमती निसात आलम, सिविल सर्जन साहिबगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सरिता टुडू तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पतना डॉ. समसुल हक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया और शिविर अभी भी जारी है।

सभी से अपील है कि यदि आप रक्तदान करने के योग्य हैं, तो शिविर में पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान करें और इस नेक कार्य में आगे आएं।

— Muddin Shekh

मधेपुरा के मोहनपुर गांव में छठ पूजा के लिए घाट तैयार



मधेपुरा के मोहनपुर गांव में इस वर्ष छठ पूजा के आयोजन के लिये सामुदायिक सहयोग से नया घाट निर्मित किया गया है। गाँव के निवासियों ने स्वयं सामग्री जुटाकर, हाथों-हाथ निर्माण कार्य पूरा किया, जिससे स्थानीय सहभागिता का स्पष्ट प्रमाण मिला।

घाट के निर्माण में प्रमुख रूप से लकड़ी, बांस और प्राकृतिक सजावट का प्रयोग किया गया, जिससे पारम्परिक छठ पूजा की शालीनता बनी रही। तैयार किए गये घाट को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा मानकों के अनुरूप मान्यता दी है और पूजा के लिये आवश्यक व्यवस्था की गई है।

आगामी अर्घ्य अर्पण समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की अपेक्षा है, जो नदी किनारे एकत्रित होकर सूर्य देव को अर्घ्य देंगे। इस अवसर पर गाँव के बुजुर्गों ने पूजा की पवित्रता और सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

मधेपुरा के मोहनपुर गांव में छठ पूजा की तैयारियों का काम पूरी तरह से समाप्त हो गया है। स्थानीय निवासियों ने सहयोगी भावना से मिलकर घाट का निर्माण किया है।

घाट का निर्माण पारम्परिक मानकों के अनुसार किया गया है और इसमें अर्घ्य अर्पण के लिए आवश्यक सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं।

छठ पूजा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु इस घाट पर एकत्रित होकर सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित करेंगे, जिससे गांव में उत्सव का माहौल बन जाएगा।

स्थानीय प्रशासन ने भी इस आयोजन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की घोषणा की है, जिससे भक्तों को सहज और सुरक्षित पूजा का अवसर मिलेगा।

मधेपुरा के मोहनपुर गांव में छठ पूजा की तैयारियों के लिए नया घाट पूर्णतः तैयार हो गया है। इस निर्माण कार्य में गांव के सभी निवासियों ने मिलजुल कर सहयोग किया।

घाट का निर्माण स्थानीय स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर किया गया है, जिससे भविष्य में होने वाले बड़े पैमाने के समारोहों को सुगम बनाया जा सके।

स्थानीय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष छठ पूजा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु इस घाट पर अर्घ्य अर्पित करने आएंगे,

— Abhishek Kumar Pandit

धर्म

मोंगलाबांध में छठ पूजा के लिए स्थायी घाट निर्माण की मांग



मोंगलाबांध, पाकुड़िया ब्लॉक में दुर्गा पूजा और छठ पूजा कई वर्षों से नियमित रूप से आयोजित की जा रही है, परन्तु यहाँ अभी तक कोई स्थायी घाट निर्मित नहीं हुआ है। निवासी चंदन वर्मा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष स्थानीय समिति के युवा स्वयं मिलजुल कर घाट बनाते हैं और प्रशासन से कभी-कभी आठ से दस गाड़ी तक की सहायता प्राप्त होती है, परन्तु स्थायी संरचना की कमी बनी हुई है।

वर्मा ने बताया कि 2022 में पंचायत समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार शाह के फंड से 50 फीट लंबा अस्थायी घाट बनाया गया था, परन्तु उसके बाद से कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य नहीं हुआ। इस कारण प्रत्येक वर्ष घाट की सफाई, सुरक्षा और पूजा-पाठ की सुविधाओं में कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं।

किया है कि उन्हें एक साफ-सुथरा, स्थायी घाट उपलब्ध कराया जाए, जिसमें कम से कम पाँच फुट ऊँची सीढ़ी हो ताकि भक्तजन आसानी से उतर-चढ़ाव कर सकें। इस मांग को लेकर उन्होंने सामाजिक मंचों पर भी अपनी राय व्यक्त की है।

— Jai Prakash Bhagat

स्थानीय

बोकारो के चास में जगदंबा स्टोर्स में भीषण अगलगी, लाखों रुपये का सामान जलकर बिखर गया



बोकारो। चास स्थित गुजरात कॉलोनी में देर रात जगदंबा स्टोर्स नामक किराना दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। दुकान मालिक ने करीब 30 से 35 लाख रुपये के नुकसान का दावा किया है।

जानकारी के अनुसार, सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान पहुंचा तो अंदर से धुआं निकलता देख उसके होश उड़ गए। तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

वहीं, दुकान के बगल में स्थित न्यू वर्षा लेडीज ब्यूटी पार्लर से भी धुआं निकलने की सूचना मिली है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

आग लगने का कारण और वास्तविक नुकसान का आकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

#Bokaro #Chas #BokaroNews #FireIncident #JagdambaStores #GujaratColony #JharkhandNews #BreakingNews #FireBrigade #BokaroFire

— Nitish Kumar Sinha, बोकारो

स्थानीय

रिपोर्टर निरंजन कुमार साव जोरदाग गांव के युवाओं ने पेश की मिसाल छठ पूजा पर मंदिर और मंडप की खुद की साफ-सफाई



न्यूज 24 रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

हजारीबाग केरेडारी जोरदाग़

रिपोर्टर निरंजन कुमार साव

जोरदाग गांव के युवाओं ने पेश की मिसाल छठ पूजा पर मंदिर और मंडप की खुद की साफ-सफाई

जोरदाग केरेडारी हजारीबाग

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर जोरदाग गांव के युवाओं ने सराहनीय कार्य किया युवाओं ने मंदिर और मंडप को अपने हाथों से साफ-सुथरा किया और एकता की मिसाल कायम कर दी

युवाओं ने साबित कर दिया कि छठ पूजा आस्था का पर्व है और जोरदाग के सभी समाजसेवी और युवा वर्ग एक हैं। युवाओं का यह कार्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है

युवाओं ने कहा कि जोरदाग के समाजसेवी और युवा एकता के साथ उत्साह से जो कार्य करेंगे, उससे जोरदाग का नाम रोशन होगा जोरदाग में छठ पूजा अच्छे ढंग से मनाया जाए और गांव का नाम रोशन किया जाए, यही सबका संकल्प है

युवा नेता जयनारायण कुमार, युवा समाजसेवी प्रमोद साव, संजीत साव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मनु कुमार पासवान, पिंटू कुमार साव, विकास कुमार साव जेनजी प्रेस क्लब अध्यक्ष लोकेश्वर साव ज्ञान पासवान निरंजन कुमार साव नीरज कुमार, आर्मी में कार्यरत बादल कुमार साव, युवा पत्रकार सुधीर कुमार माली सहित सभी उपस्थित हुए और मंदिर की साफ-सफाई खुद से की

सभी ने गांव में एकजुटता का परिचय दिया और एक मिसाल कायम किया कि हम सभी एक हैं

जय छठी मैया जोरदाग़

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

स्थानीय

पाकुड़िया ब्लॉक के छठ घाट पर कचरा जमा, छठ पूजा से पहले सफाई की मांग



पाकुड़िया (पाकुड़) ब्लॉक के परिसर में स्थित छठ घाट पर कचरा, प्लास्टिक, बोतल और पत्तियों का ढेर जमा हो गया है। पोखर के किनारे फैला यह कचरा घाट की सीढ़ियों और मार्गों को भी प्रभावित कर रहा है।

छठ महापर्व का समय निकट आ रहा है, परन्तु इस गंदगी के कारण व्रती और श्रद्धालु यह आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि इस अवस्था में पूजा का आयोजन कैसे संभव होगा।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से तुरंत सफाई करवाने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि छठ पूजा आस्था का महापर्व है और घाट की स्वच्छता को प्रथम प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सफाई कार्य की त्वरित व्यवस्था न होने पर पूजा के दौरान स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

— Jai Prakash Bhagat

अपराध

पलामू के चैनपुर बाजार में अवैध कट्टा और मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों की गिरफ्तारी



पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चैनपुर थाना ने 13 नवंबर 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई की। सूचना के अनुसार चैनपुर बाजार में कुछ युवक आपस में मारपीट कर रहे थे और उनके पास हथियार भी थे, इसलिए पुलिस अंचल से पु०अ०नि० राम कुमार उपाध्याय एवं सशस्त्र बल तुरंत मौके पर पहुँचे।

दल का गठन किया गया। दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस ने रोककर गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

विधिवत तलाशी में विशाल कुमार सोनी के कमर से एक देशी कट्टा और एक मोबाइल फ़ोन, तथा अभिषेक कुमार के पास से एक मोबाइल फ़ोन बरामद हुआ। साथ ही स्प्लेंडर और मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर JH03AK-9673) को भी जब्त कर लिया गया।

गिरफ्तार युवकों का विवरण इस प्रकार है: विशाल कुमार सोनी (आयु लगभग 25 वर्ष), पिता-लालमुनी सोनी, सोनार मोहल्ला, चैनपुर; अभिषेक कुमार (आयु लगभग 28 वर्ष), पिता-महेन्द्र प्रसाद, सोनार मोहल्ला, चैनपुर। अभिषेक का पूर्व आपराधिक इतिहास है, वह 05.01.2023 को धारा 392 के तहत चैनपुर थाना कांड संख्या-08/2023 में दायर था। दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा गया।

छापामारी दल में पु०अ०नि० रमन यादव, पु०अ०नि० राम कुमार उपाध्याय, तथा चैनपुर थाना रिज़र्व गार्ड के जवान शामिल थे।

— Shamsher Ansari

स्थानीय

पाकुड़िया ब्लॉक के छठ घाट पर कचरे की भरमार, छठ पूजा से पहले सफाई की मांग



पाकुड़िया ब्लॉक परिसर स्थित छठ घाट पर कचरे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पोखर के किनारे प्लास्टिक, बोतल, पत्ते और अन्य कचरा बिखरा हुआ है, जिससे घाट की स्वच्छता बिगड़ रही है।

घाट की सीढ़ियों और मार्गों पर भी सफाई नहीं हुई है। छठ महापर्व निकट आने के कारण व्रती और श्रद्धालु चिंतित हैं कि इतनी गंदगी में पूजा कैसे संपन्न होगी।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से तुरंत सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छठ आस्था का महापर्व है, इसलिए घाट की सफाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

प्रशासन की प्रतिक्रिया अभी तक ज्ञात नहीं है, परन्तु नागरिकों ने साफ़-सफ़ाई के लिए स्वयं भी कुछ कदम उठाने का प्रस्ताव रखा है। इस मुद्दे पर आगे की जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

— Jai Prakash Bhagat

डुमरी विधायक के डम्मी कॉपी हमारे जोरदाग़ के युवा साथी पचड़ावासियों हमरे जोरदाग़ के युवाओ का हाल हर काम में रीलबाजी फेसबुकिया नेता जयराम महतो का सेम गुण। सिर्फ फेसबुक में हवाबाजी करना और गांव के समाजसेवी जो अच्छा कार्य किए उनको बदनाम करना इनका पेशा बन गया है



24 7 न्यूज़ पचड़ा

रिपोर्टर केदार कुमार साव

जोरदाग़ के लोगों को गुमराह करना बंद करो फेसबुकिया युवा नेता कंपनी से दलाली कर के जेब भरने वाले सतर्क रहे गांव के भोली भाली जनता समझ चुकी है

ये है हमरे फेसबुकिया नेता जयराम महतो का सेम गुण। सिर्फ फेसबुक में हवाबाजी करना और गांव के समाजसेवी जो अच्छा कार्य किए उनको बदनाम करना इनका पेशा बन गया है।

कब तक जोरदाग के भोली-भाली लोगों को बुढ़बक बनाया जाएगा पता चल रहा है कि फेसबुक के तरफ से चुनाव में उतरने वाले हैं। सूत्रों से मुखिया का चुनाव लग रहा है। फेसबुक में बन जाएगा।

पचड़ावासियों सतर्क रहें ऐसे-ऐसे रिलबाजों से। जैसे जयराम महतो जी सिर्फ हवाबाजी करते हैं, वैसा ही कॉपी उनके पार्टी के कार्यकर्ता जयनारायण कुमार जोरदाग के लिए कर रहे हैं।

हमरे गांव के नौजवानों को बुढ़बक बनाकर आज तक न रोजी-रोजगार दिलवाया, न किसी लड़का को, न किसी के घर में कोई आर्थिक मदद की। अपना से आज कंपनी खुले 2 साल हो गया, CCL और रितिक कंपनी 4 साल हो गया। क्या जयनारायण की टीम जोरदाग के लिए कुछ किया हो तो अपना स्पष्टीकरण दें

हां स्कूल बचाने में जेल गए, लेकिन जब जेल से वापस आए तो स्कूल को बिना बने हुए भी तुड़वा दिए ऐसा नहीं कि जोरदाग में ही सरकारी स्कूल बना। यहां चट्टीबारीयातू, पगार वहां भी बिना जेल गए स्कूल बन रहा है

पानी टंकी जोरदाग में टूटी तो यही लोगों की टीम रितिक कंपनी से मिलकर पैसा खाई और पानी टंकी को तुड़वा दिया, जिसका फायदा NTPC अभी कैसे खा रहा है। अगर पानी टंकी के लिए ये सब नौजवान लड़ते तो आज जोरदाग का पानी टंकी दूसरी जगह स्थापित होता। लेकिन नहीं, इन लोगों को सिर्फ दलाली करके गांव के समाजसेवियों को बदनाम करना और अपना माल सेकना होता है

केदार कुमार साव 24 7 न्यूज

पचड़ावासियों सतर्क सावधान रहो। युवा पे भरोसा नहीं। JLKM पार्टी फेसबुक रिलबाजी, हवाबाजी करना बंद करो। युवा पे भरोसा नहीं

— Niranjan Kumar Saw, हजारीबाग

भारत अंडर-19 ने एशिया कप जीतकर इतिहास रचा, पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया



भारत अंडर-19 टीम ने 14 नवंबर 2026 को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान अंडर-19 को केवल एक विकेट से हराकर अपना पहला खिताब सुरक्षित किया। यह जीत भारतीय युवा क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

फाइनल में भारत ने कठिन लक्ष्य का पीछा किया और अंतिम ओवर तक टांगें खींचते हुए जीत हासिल की। मैच के निर्णायक क्षण में मोहित उलवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

पूरे टूर्नामेंट में अरीविर सेहवाग ने 361 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज़ चुने गए। उनके लगातार उच्च स्कोर ने भारतीय टीम को स्थिरता प्रदान की और अंततः खिताब दिलाया।

इस जीत से भारत अंडर-19 टीम ने एशिया में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की और भविष्य के अंतरराष्ट्रीय सितारों के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया।

— Arun Kumar Gupta

धर्म

केरेडारी की बड़की पोखर छठ घाट पर सजावट को मिला अंतिम रूप, कल डूबते सूर्य को मिलेगा पहला अर्घ्य



प्रकृति, अटूट आस्था और सूर्य उपासना के महान लोक पर्व 'छठ पूजा' को लेकर हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक 'बड़की पोखर छठ घाट' पर तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पूरी कर ली गई हैं। घाट की साफ-सफाई, भव्य सजावट और आकर्षक डेकोरेशन को अंतिम रूप दे दिया गया है। दूधिया रोशनी और सुंदर सजावट से सजे इस घाट की खूबसूरती इस समय देखते ही बन रही है, जिसे देखने के लिए स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

बेला में खरना और नियमों के पालन के बाद व्रती अस्ताचलगामी (डूबते हुए) सूर्य देव को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसे लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह और उमंग का माहौल है। प्रशासन और स्थानीय समितियों के सहयोग से घाट पर रोशनी, सुरक्षा और आवागमन की व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया गया है, ताकि पूजा करने आने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सनातन संस्कृति में सूर्य षष्ठी व्रत को अत्यंत पवित्र और कठिन व्रतों में माना जाता है, जो भगवान सूर्य और छठी मइया की उपासना को समर्पित है। इस दौरान व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और समग्र कल्याण की मंगलकामना करते हैं। इस महापर्व के मुख्य अनुष्ठानों में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य शामिल हैं। इस पर्व में ठेकुआ, मौसमी फल, नारियल, ईख और पारंपरिक प्रसादों का विशेष महत्व होता है।

बड़की पोखर छठ घाट पर हुई इन सुंदर तैयारियों से पूरे केरेडारी क्षेत्र में भक्तिमय और हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। सभी ग्रामीण मिलकर इस महापर्व को पूरी पवित्रता, शांति और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न कराने में जुटे हुए हैं।

— Akash Bharti, हजारीबाग

कांग्रेस महतो हत्याकांड: परिवार से मिले आजसू नेता



रांची तमाड़ 14 नवंबर 2026 को आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल तमाड़ प्रखंड के गोमया कोचा (आरहाँगा पंचायत) पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने रांगामाटी में काली पूजा की रात चाकू मारकर की गई कांग्रेस महतो की हत्या के मामले में शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया

परिजनों ने बताया कि घटना का मुख्य अभियुक्त अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है और फरार चल रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

इस दौरान आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने बुंडू एसडीपीओ और तमाड़ थाना प्रभारी से फोन पर बात की। उन्होंने मुख्य अभियुक्त की त्वरित गिरफ्तारी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है

प्रतिनिधिमंडल में हीरा दास, राजकिशोर कुशवाहा, जगदीश गुप्ता, हरदेव महतो, संदीप महतो, तपन कोइरी, धनेश्वर महतो और विश्वदेव मछुवा शामिल थे।

— Mukesh Kumar Gupta, रांची